राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**

prrajbhavanbihar@gmail.com

मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने हिन्दी महिला कथाकार कृष्णा सोबती के निधन पर शोक व्यक्त किया

पटना, 25 जनवरी 2019

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने हिन्दी साहित्य की मूर्धन्य महिला कथाकार कृष्णा सोबती के निधन पर हार्दिक शोक–संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल श्री टंडन ने अपने शोकोद्‌गार में कहा है कि कृष्णा सोबती जी के निधन से हिन्दी कथा जगत् को अपूरणीय क्षति हुई है। राज्यपाल ने कहा है कि 'ज्ञानपीठ पुरस्कार', 'साहित्य अकादमी सम्मान' सहित अन्य कई सम्मानों/पुरस्कारों से सम्मानित स्व॰ कृष्णा सोबती ने 'मित्रो मरजानी', 'डार से बिछुरी', 'सूरजमुखी अँधेरे के', 'जिन्दगीनामा', 'दिलो दानिश' जैसी अपनी कई अनुपम कृतियों के माध्यम से भारतीय नारी–जीवन की विशेषताओं और चुनौतियों को सफलतापूर्वक उकेरा है, जिनकी अनुपस्थिति से भारतीय साहित्य जगत् में एक रिक्तता महसूस की जायेगी।

राज्यपाल ने सुप्रसिद्ध कथाकार कृष्णा सोबती की दिवंगत आत्मा को चिरशांति तथा उनके परिजनों–प्रशंसकों को धैर्य–धारण की क्षमता प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है।

....